Annual Report

वार्षिक प्रतिवेदन
2024











भाकृअनुप
ICAR

D W R

भा.कृ.अनु.प.–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर (म.प्र.)

ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur (MP)

ISO 9001 : 2015 Certified

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2024

भा कृ अनु प – खरपतवार अनुसंधान निदेशालय
ICAR - Directorate of Weed Research
जबलपुर (मध्य प्रदेश)
Jabalpur (Madhya Pradesh)
ISO 9001 : 2015 Certified

उद्धरण

वार्षिक प्रतिवेदन (द्विभाषी). 2024. भाकृअनुप-खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर, 181 पृष्ठ

प्रकाशक

डॉ. जे.एस. मिश्र, निदेशक

संपादकीय समिति

डॉ. पिजुश कान्ती मुखर्जी
डॉ. पी.के. सिंह
डॉ. के.के. बर्मन
डॉ. आर.पी. दुबे
डॉ. शोभा सौंधिया
श्री संदीप धगट

आवरण पृष्ठ रचना

श्री संदीप धगट

Correct Citation

Annual Report (Bilingual). 2024. ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur, 181 p.

Published by

Dr. J.S. Mishra, Director

Editorial Committee

Dr. Pijush Kanti Mukherjee
Dr. P.K. Singh
Dr. K.K. Barman
Dr. R.P. Dubey
Dr. Shobha Sondhia
Mr. Sandeep Dhagat

Cover page design

Mr. Sandeep Dhagat



आवरण विषय / Cover theme

1. सूखी सीधी बुआई वाली धान में अनुवांशिक लाभ प्राप्त करने के लिए टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन
   Sustainable weed management to achieve genetic gain of rice in dry DSR
2. खरपतवार नियंत्रण पर शाकनाशी रसायन और नैनो यूरिया के बीच संगतता अध्ययन
   Compatibility study between herbicides and nano urea on weed control
3. सूक्ष्मजीवों द्वारा अंकुरित खरपतवार के बीजों की वृद्धि का दमन
   Growth suppression of germinating weed seeds by microorganism
4. जलवायु परिवर्तन अनुसंधान के लिए निदेशालय में ओपन टॉप चैंबर (ओ.टी.सी.) सुविधाए
   Open Top Chamber (OTC) facilities at Directorate for climate change research
5. ड्रोन के माध्यम से खरपतवारनाशी रसायन का प्रयोग
   Drone-based application technology of herbicides

अनुक्रमणिका
Contents

क्र./Sl.	विषय/Particular	पृ.सं./Page no.
	प्राक्कथन Preface	i-ii
	विशिष्ट सारांश Executive Summary	iii-vi
	प्रस्तावना Introduction	1-7
1.	मौसम रिपोर्ट Weather report	8-9
2.	विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन के लिए रणनीतिक अनुसंधान Strategic research for sustainable weed management in diversified cropping systems	10-39
3.	बदलती जलवायु के तहत फसल–खरपतवार अंत:क्रिया और शाकनाशी प्रतिरोध Crop-weed interaction under changing climate and herbicide resistance	40-53
4.	खरपतवार जनित खतरों का मूल्यांकन, खरपतवारों का उपयोग एवं आक्रामक विदेशी खरपतवारों का प्रबंधन Weed risk assessment, utilization and management of alien invasive weeds	54-60
5.	शाकनाशियों, हानिकारक रसायनो का पर्यावरणीय प्रभाव एवं शमन के उपाय Environmental impact of herbicides, toxic chemicals and mitigation measures	61-68
6.	खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों का प्रसार एवं उनके सामाजिक–आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन Dissemination and socio-economic impact of weed management technologies	69-76
7.	बाह्य वित्तपोषित परियोजनायें Externally funded projects	77-103
8.	विद्यार्थी अनुसंधान कार्यक्रम Students' research programme	104-105
9.	तकनीकी हस्तांतरण Transfer of technology	106-112

क्र./Sl.	विषय/Particular	पृ.सं./Page no.
10.	प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण Training and capacity building	113-125
11.	संधियां और सहभागिता Linkages and collaboration	126-128
12.	हिन्दी राजभाषा कार्यान्वयन	129-130
13.	पुरस्कार एवं सम्मान Awards and recognitions	131-133
14.	प्रकाशन Publications	134-141
15.	अनुसंधान कार्यक्रमों की निगरानी और समीक्षा Monitoring and review of research programmes	142-145
16.	कार्यक्रमों का आयोजन Events organised	146-150
17.	बैठकों, सेमिनारों, वेबिनारों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में भागीदारी Participation in meetings, seminars, webinars, conferences, symposia and workshops	151-158
18.	अखिल भारतीय समन्वित खरपतवार प्रबंधन अनुसंधान परियोजना – मुख्य अनुसंधानीय उपलब्धियाँ All India Coordinated Research Project on Weed Management - Salient research achievements	159-175
19.	विशिष्ट आगंतुक Distinguished visitors	176
20.	कार्मिक Personnel	177-179
	परिशिष्ट 1 *Appendix- 1* Acronyms	180-181

प्राक्कथन
PREFACE

कृषि उत्पादन प्रणाली में खरपतवार प्रमुख बाधा हैं। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में, खरपतवार अधिक आक्रामक होते हैं । विभिन्न कृषि–पारिस्थितिकी तंत्रों में खरपतवारों के प्रबंधन के लिए किसानों के लिए सीमित निदाई आयाम अब एक बड़ी चिंता का विषय है। आधुनिक खरपतवार प्रबंधन उपकरणों में रसायनिक विधियों विशेष रूप से शाकनाशियों की प्रमुख भूमिका होती है, क्योंकि ये कम लागत में उच्च प्रभावशीलता प्रदान करते हैं। श्रमिकों की कमी और जलवायु परिवर्तन के कारण खरपतवारों के बढ़ते प्रकोप के चलते शाकनाशियों का उपयोग किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। हालांकि समान क्रियाविधि वाले शाकनाशियों का बार–बार उपयोग करने से कई खरपतवारों में बहु–शाकनाशी प्रतिरोध विकसित हो गया है, जिससे खरपतवार में परिवर्तन आ रहा हैं, फसलों और अन्य जीवों को अप्रत्यक्ष क्षति पहुँच रही है, प्राकृतिक वनस्पति और जैव विविधता का ह्रास हो रहा है, और खाद्य श्रृंखला तथा पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि, जैव प्रौद्योगिकी एवं आनुवंशिक अभियांत्रिकी में तीव्र प्रगति, साथ ही मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि की क्षमताओं का लाभ उठाते हुए एकीकृत ढंग से खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न विकल्पों की खोज की जा रही है, जिससे टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों का विकास संभव हो सके जो विविध खरपतवार समस्याओं का समाधान प्रदान कर सकें। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद – खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर एवं इसके समन्वयक केंद्रों द्वारा फसलों को होने वाले खरपतवारजनित नुकसानों को कम करने, उत्पादकता बढ़ाने एवं किसानों की आय में वृद्धि हेतु एवं टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन तकनीकों के विकास एवं प्रचार–प्रसार हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

मुझे वर्ष 2024 के लिए निदेशालय की 36वीं वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, जिसमें वर्ष भर की प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियों एवं गतिविधियों को संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। इस वर्ष, विभिन्न कृषि पारितंत्रों के अंतर्गत खरपतवार जीवविज्ञान एवं पारिस्थितिकी पर बुनियादी एवं रणनीतिक अनुसंधान को प्राथमिकता दी गई। प्रत्यक्ष बुवाई वाली धान में खरपतवार प्रबंधन, नवीन जैव–नियंत्रकों की खोज द्वारा जैविक खरपतवार नियंत्रण, संरक्षण कृषि आधारित फसल प्रणाली में खरपतवार प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन का फसल–खरपतवार पारस्परिक क्रियाओं एवं शाकनाशी प्रभावकारिता पर प्रभाव, शाकनाशी प्रतिरोध तंत्र की जांच, जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से शाकनाशी सहनशील फसलों का विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग, शाकनाशी अवशेषों का मूल्यांकन, कम लागत वाले निंदाई यंत्रों एवं छिडकाव यंत्रों (स्प्रेयर्स) का डिजाइन एवं विकास, ड्रोन आधारित शाकनाशी छिड़काव तकनीकों तथा प्राकृतिक कृषि में खरपतवार प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया। नए अनुसंधान प्रस्तावों का निर्माण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों में खरपतवारों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इसके अतिरिक्त, खरपतवारों के व्यापक

Weeds are major constraint in agriculture production systems. In the context of climate change, weeds are more aggressive with high invasion potential. Narrow weeding window is a major concern for the farmers to manage weeds in different agro-ecosystems. Herbicides play a central role in modern weed management tools due to their high efficacy and lower cost. Herbicides' use has become widely popular among the farmers because of labour scarcity, high labour cost and high invasion potential of weeds due to climate change. However, repeated use of herbicides with similar mode of action for weed control has resulted in evolution of multiple herbicide resistance in several weeds, weed flora shifts, non-target damage to crops/organisms, loss of natural vegetation & biodiversity, and adverse effect in food-chain and environment. However, rapid advancement in biotechnology and genetic engineering and harnessing the benefits of computing power through machine learning, robotics, use of artificial intelligence etc. suggest of exploring multiple options for weed management in integrated fashion and that ultimately lead to the development of sustainable weed management technologies to combat diverse weed problems. Efforts are being made by the ICAR-Directorate of Weed Research, Jabalpur and its coordinating centres to develop and disseminates the sustainable weed management technologies to reduce crop losses due to weeds and increase productivity and farmers' income.

I am happy to present the 36th Annual Report of the Directorate for the year 2024, highlighting the major research achievements and activities. During the year, major emphasis has been given on conducting basic and strategic research on weed biology & ecology under different agro-ecosystems, weed management in direct-seeded rice, biological weed control by exploring new bio-agents, weed management in conservation agriculture-based cropping systems, effect of climate change on crop-weed interactions and efficacy of herbicides, herbicide resistance mechanism, development of herbicide tolerant crops by using biotechnological tools, use of artificial intelligence, herbicide residue estimation, design and development of low-cost weeding tools and sprayers, drone based application technologies of herbicide and weed management in natural farming. The new research proposals have been framed as per the National priorities by considering the important issues of weeds in different

उपयोग, हितधारकों की क्षमता विकास हेतु आधुनिक सूचना तकनीकी उपकरणों के प्रयोग एवं उनके प्रभाव मूल्यांकन पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है।

वर्ष 2024 के दौरान निदेशालय द्वारा कुल 54 शोध पत्र/समीक्षा लेख, 15 पुस्तकें/पुस्तक अध्याय, 22 लोकप्रिय लेख, 17 तकनीकी बुलेटिन/सूचनात्मक बुलेटिन/प्रशिक्षण पुस्तिकाएँ एवं अन्य प्रकाशन प्रकाशित किए गए। राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु निदेशालय को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), जबलपुर द्वारा वर्ष 2023 के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। किसानों एवं अन्य हितधारकों के लाभ हेतु निदेशालय द्वारा खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर 18 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों, किसानों एवं महिला कृषकों सहित कुल 10,153 लोगों के भ्रमण की सुविधा प्रदान की गई। 'ऑन–फार्म रिसर्च (OFR) कार्यक्रम के अंतर्गत धान, मक्का, गेहूँ, चना एवं मूँग की फसलों में कुल 78 क्षेत्रीय प्रदर्शन आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त, निदेशालय को 5 कॉपीराइट एवं 6 ICAR प्रमाणित तकनीकों की मान्यता प्राप्त हुई। निदेशालय को 1 पेटेंट प्राप्त हुआ तथा 1 अन्य पेटेंट के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया इसके अलावा 5 कॉपीराइट्स भी प्राप्त हुये। बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत निदेशालय द्वारा कुल 124.2 टन प्रमाणित बीज का उत्पादन किया गया, जिसमें धान (JR 206) 45.6 टन, गेहूँ (GW 322) 59.6 टन, सरसों (गिरिराज) 5.9 टन, चना (RVG 204) 7.5 टन, अरहर (OP 410–26) 1.0 टन एवं मूँग (विराट) 4.6 टन सम्मिलित हैं। निदेशालय द्वारा दिनांक 31 मार्च 2024 तक कुल ₹ 73.48 लाख की आय अर्जित की गई।

मैं, डॉ. हिमांशु पाठक, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग एवं महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प. का निदेशालय की कार्ययोजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने हेतु उनके सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। साथ ही, डॉ. एस. के. चौधरी, उपमहानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन) एवं डॉ. राजबीर सिंह, सहायक महानिदेशक (कृषि विज्ञान, कृषि वानिकी एवं जलवायु परिवर्तन) के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। निदेशालय के सभी वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए अमूल्य योगदान के लिए वे सराहना के पात्र हैं। मैं इस प्रकाशन को सफलतापूर्वक प्रस्तुत करने हेतु संपादकीय टीम को हार्दिक बधाई देता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह प्रतिवेदन भारत में खरपतवार प्रबंधन से संबंधित भविष्य की अनुसंधान योजनाओं के लिए विविध हितधारकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

स्थान : जबलपुर
दिनांक : 17 अप्रैल, 2025

(जे.एस. मिश्र)
निदेशक

ecologies. In addition, emphasis has been given on large-scale utilization of weeds, and capacity building of the stakeholders using modern information technological tools and their impact assessment.

During the year 2024, Directorate has published 54 Research Paper/Review Articles, 15 Book/Book Chapters, 22 Popular Articles, 17 Technical Bulletins/Information Bulletins/Training Manuals and other publications. The Directorate has also received second prize from Nagar Rajbhasha Karyanvayan Samiti (NARAKAS), Jabalpur for commendable work in the field of use and dissemination of the official language Hindi during the year 2023. For the benefit of farmers and other stakeholders, Directorate has organized 18 trainings under different aspects of the weed management and facilitated visit of 10,153 farmers including farm women and agricultural officers of the State, Department of Agriculture. Under OFR Programme, a total of 78 field demonstrations in rice, maize, wheat, chickpea and greengram crops were conducted. In addition, 05 copyrights and 06 ICAR certified technologies were awarded by ICAR. The Directorate was granted 1 patent and filed for 1 more patent. A total of 124.2 tonnes of certified seed consisting of rice 45.6 t (JR 206), wheat 59.6 t (GW 322), mustard 5.9 t (Giriraj), chickpea 7.5 t (RVG 204), arhar (OP 410-26) 1.0 t and greengram 4.6 t (Virat) were produced by the Directorate. The Directorate generated a total revenue of ₹ 73.48 lakh up to 31st March 2024.

I profusely thank Dr. Himanshu Pathak, Secretary, DARE and Director General, ICAR for his constant guidance and support in executing the mandate of the Directorate. The encouragement, guidance and support provided by Dr. S. K. Chaudhari, DDG (NRM), Dr Rajbir Singh, ADG (A, AF&CC) are duly acknowledged. All the scientists and officials deserve appreciation for providing their invaluable inputs. I congratulate editorial team for bringing out this publication. I am sure that this report would be useful to the diverse stakeholders for planning future research programmes on weed management in India.

Place : Jabalpur
Date : 17 April, 2025

(J.S. Mishra)
Director



भाकृअनुप

ICAR

प्रस्तावना
Introduction

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद– खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (आईसीएआर–डीडब्लूआर) की स्थापना 1989 में राष्ट्रीय खरपतवार विज्ञान अनुसंधान केंद्र (एन.आर.सी.डब्ल्यू.एस.) के रूप में की गई थी, और वर्ष 2009 में इसे निदेशालय स्तर तक उन्नत किया गया। निदेशालय विभिन्न कृषि–पारिस्थितिकी प्रणालियों के साथ–साथ चारागाहों, जंगलों, जल निकायों आदि के लिए खरपतवार प्रबंधन रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की दिशा में काम करता है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निदेशालय अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना – खरपतवार प्रबंधन के सहयोग से काम करता है, जिसके देश के विभिन्न कृषि–जलवायु क्षेत्रों में स्थित राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में 24 केंद्र (17 नियमित और 7 स्वयंसेवी केंद्र) हैं। निदेशालय विभिन्न हितधारकों को प्रशिक्षण प्रदान करने, परामर्श सेवाएं देने, 'मेरा गांव मेरा गौरव', फार्मर फर्स्ट और एससीएसपी कार्यक्रमों के तहत किसानों के खेतों पर भागीदारी अनुसंधान आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निदेशालय खरपतवार प्रबंधन से संबंधित बहु–संस्थागत सहयोगी कार्यक्रमों में भी भाग लेता है। वर्तमान में निदेशालय के पास विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों और उद्योगों सहित 29 संगठनों के साथ समझौता–ज्ञापन है। निदेशालय ने गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) लागू की है और 'आईएसओ 9001: 2015' प्रमाणपत्र प्राप्त किया है।

The Indian Council of Agricultural Research-Directorate of Weed Research (ICAR-DWR) was established in 1989 as National Research Centre for Weed Science (NRCWS) and was subsequently upgraded to directorate level in 2009. The Directorate exclusively works towards developing weed management strategies and technologies for different agro-ecosystems as well as pastures, forests, water bodies, etc. To achieve its goal the Directorate works in association with the All India Coordinated Research Project on Weed Management having 24 centres (17 regular and 7 volunteer centres) in different State Agricultural Universities across varied agro-climatic zones of the country. The Directorate is playing important role in providing trainings to different stakeholders, giving consultancy services, conducting participatory research at farmers' fields under '*Mera Gaon Mera Gaurav*', Farmer FIRST and SCSP programmes. The Directorate also participate in the multi-institutional collaborative programmes relating to weed management. Presently the directorate is having memorandum of understanding with 29 organizations including universities, colleges, government departments, NGOs and industries. The Directorate has implemented the Quality Management System (QMS) and obtained 'ISO 9001: 2015' certificate.



भाकृअनुप–खरपतवार अनुसंधान निदेशालय मध्यप्रदेश की जबलपुर शहर में स्थित है। यह शहर मध्य प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण पर्यटक और सांस्कृतिक आकर्षण है और इसे राज्य की सांस्कृतिक राजधानी (संस्कारधानी) के रूप में भी जाना जाता है। जबलपुर अपने प्रमुख पर्यटक आकर्षणों जैसे मदन महल, धुआंधार नामक जल प्रपात, भेड़ाघाट में संगमरमर की चट्टानों, पवित्र नदी नर्मदा और 76 फीट ऊंची शिव प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। यह कामोर पठार और सतपुड़ा पहाड़ियों के कृषि क्षेत्र के अंतर्गत आता है। निदेशालय N23° 14' 3.081"" अक्षांश, E79° 57' 58.886"' देशांतर में समुद्री सतह से 412 मी. ऊंचाई पर स्थित है और जबलपुर रेलवे स्टेशन से 11 किमी दूर एवं डुमना हवाई अड्डे से 28 किमी दूर है। इस क्षेत्र की जलवायु उष्णकटिबंधीय है तथा औसत वर्षा ~1400 मिमी. है। मध्यप्रदेश के मृदावर्गीकरण के अनुसार, जबलपुर गहरी मध्यम काली मिट्टी (वर्टिसोल) के अंतर्गत आता है। यहां खरीफ में धान, सोयाबीन, गन्ना, अरहर एवं उड़द और रबी में गेहूं, चना, मटर, मसूर और सरसों, तथा गर्मियों में मूंग और उड़द उगाये जाते हैं।

खरपतवार प्रबंधन पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कि विविध फसल प्रणालियों में टिकाऊ खरपतवार प्रबंधन के लिए रणनीतिक अनुसंधान; बदलती जलवायु और शाकनाशी प्रतिरोध के तहत फसल–खरपतवार अंतःक्रिया; खरपतवार जनित खतरों का मूल्यांकन, खरपतवारों का उपयोग एवं आक्रामक विदेशी खरपतवारों का प्रबंधन; शाकनाशियों एवं जहरीले रसायनो का पर्यावरणीय प्रभाव और शमन उपाय; और खरपतवार प्रबंधन तकनीकियों का प्रसार एवं उनके सामाजिक–आर्थिक प्रभाव का मूल्यांकन के माध्यम से यह संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

खेत पर अनुसंधान और प्रदर्शन के माध्यम से उन्नत खरपतवार प्रबंधन प्रौद्योगिकियों को अपनाने से कृषि उत्पादकता और किसानों की आजीविका सुरक्षा में काफी वृद्धि हुई है। प्राकृतिक खेती, संरक्षित कृषि, जलवायु परिवर्तन परिदृश्य, ड्रोन का उपयोग, हानिकारक आक्रामक खरपतवार, परजीवी खरपतवार, जलीय खरपतवार, शाकनाशी प्रतिरोध, जंगली धान आदि जैसे खरपतवार प्रबंधन से संबंधित उभरते क्षेत्रों को संबोधित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। निदेशालय ने वैश्विक स्तर की खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओ में अग्रिम शोध करने के लिए अपने प्रक्षेत्र को 'आदर्श प्रक्षेत्र' के रुप में विकसित किया है।

विजन (दूरदर्शिता)

टिकाऊ कृषि तथा अन्य सामाजिक लाभ के लिए आगे आने वाली चुनौतियों को नियंत्रित करने हेतु अभिनव, किफायती और पर्यावरण अनुकूल खरपतवार प्रबंधन प्रौद्योगिकियों का विकास करना।

The ICAR-Directorate of Weed Research is located at Jabalpur, Madhya Pradesh. Jabalpur is an important tourist and cultural attraction and also known as the cultural capital (*Sanskardhani*) of the state. This city is famous for its major tourist attractions such as Madan Mahal, Dhuandhar Falls, Marble rocks in Bhedaghat, Holy River Narmada and 76 feet tall Lord Shiva Statue at Kachnar City. It falls under the agroclimatic region of the Kymore plateau and Satpura hills zone. Directorate is located at N23°14'3.081" latitude, E79°57'58.886" longitude and altitude of 412 m above mean sea level and is 11 km away from Jabalpur railway station and 28 km away from Dumna airport. The climate of the region is sub-tropical, with average rainfall of ~1400 mm. Soils are mostly black (Vertisols), the crops grown in this region are rice, soybean, sugarcane, pigeonpea and blackgram during *Kharif* season; wheat, chickpea, lentil, pea and mustard in *Rabi* season and greengram & blackgram are grown during summer season.

The Directorate is playing a pioneering role in weed management at national level through its focused research programmes, *i.e.*, strategic research for sustainable weed management in diversified cropping systems; crop-weed interaction under changing climate and herbicide resistance; weed risk assessment, utilization and management of alien invasive weeds; environmental impact of herbicides, toxic chemicals and mitigation measures; and dissemination and socio-economic impact of weed management technologies.

Adoption of improved weed management technologies, promoted through on-farm research and demonstrations, has resulted a sizable boost in agricultural productivity and livelihood security of the farmers. Efforts are being made to address issues concerning to weed management in the emerging areas like natural farming, conservation agriculture, in climate change scenario, use of drones, noxious invasive weeds, parasitic weeds, aquatic weeds, herbicide resistance, weedy rice, etc. The Directorate has developed a "Modern Farm" to undertake advance research in different aspects of weed management to meet the international standards.

Vision

Developing innovative, economic and eco-friendly weed management technologies to contain challenges ahead for sustainable agriculture and other societal benefits.

मिशन (उद्देश्य)

भारत के नागरिकों को उनके आर्थिक, पर्यावरणीय एवं सामाजिक लाभ को अधिकाधिक करने के लिए खरपतवार प्रबंधन में वैज्ञानिक शोध एवं तकनिकी प्रदान करना।

अधिदेश (मेन्डेट)

- विभिन्न कृषि पारिस्थितिकी क्षेत्रों के लिये टिकाऊ प्रौद्योगिकीयां विकसित करने हेतु खरपतवार प्रबंधन संबंधित अनुसंधान करना।
- कृषि प्रणालियों में खरपतवार प्रबंधन के लिए नेटवर्क अनुसंधान में समन्वयन करना तथा प्रशिक्षण प्रदान करना।
- खरपतवार प्रबंधन में सूचना की रिपोजिटरी अनुरक्षित करना तथा एक प्रशिक्षण केन्द्र के रुप में कार्य करना।

संगठन एवं प्रबंधन

निदेशालय का प्रशासनिक नियंत्रण निदेशक के पास होता है। वह पंचवार्शिक समीक्षा दल (क्यू.आर.टी.), शोध परामर्श समिति (आर.ए.सी.), संस्थान प्रबंधन समिति (आई.एम.सी.), और संस्थान शोध परिषद (आई.आर.सी.) से शोध प्रशिक्षण/शिक्षण और प्रसार कार्यों के लिये परामर्श लेता है। संस्थान में 5 शोध अनुभाग, 4 प्रशासनिक अनुभाग और लगभग एक दर्जन अन्य इकाईयां व कक्ष हैं जो सुचारू कामकाज और प्रभावी समन्वय प्रदान करते हैं।

प्रयोगशालायें एवं उपकरण

निदेशालय में सस्य विज्ञान, मृदाविज्ञान, पादप पारिस्थितकीय विज्ञान, रोग–निदान विज्ञान, कीट विज्ञान और अवशेष विश्लेषण के शोध कार्यों के लिये समर्पित प्रयोगशालाएं हैं। इसके अतिरिक्त एक केन्द्रीय प्रयोगशाला भी हैं जिसमे आइसमेकर मशीन, लीफ एरियामीटर, रूट स्केनर, पी.एच. मीटर, कंडक्टीविटीमीटर, बी.ओ.डी. इंक्युबेटर आदि रखे हैं। निदेशालय मे सुसज्जित प्रयोगशालायें हैं जिनमें आधुनिक एवं परिष्कृत वैज्ञानिक उपकरण जैसे छिड़काव और स्प्रेडर अटैचमेंट के साथ कृषि ड्रोन, पौधे विकास चैम्बर, एल.सी.–एम.एस./ एम.एस. तंत्र, जी.सी., एच. पी.एल.सी., इरगा, लायोफिलॉयजर, थर्मल सॉइक्लर, जेल डॉक्युमेन्टेशन यूनिट, एटामिक एब्जार्पशन स्पेक्ट्रोमीटर, नाइट्रोजन आटो–एनालाइजर, ओसमोमीटर, सॉलिड फेज एक्सट्रेक्शन इकाई, वैक्यूम इवेपोरेटर, यू.वी. विजिबल डबल बीम स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, हाई स्पीड रेफ्रीजरेटेड सेन्ट्रीफ्यूज, लाइन क्वांटमसेन्सर्स विद डाटा–लागर स्पेक्ट्रोरेडियोमीटर, फ्लेम

Mission

To provide scientific research and technology in weed management for maximizing the economic, environmental and societal benefits for the people of India.

Mandates

- To conduct weed management research for developing viable technologies for different agro-ecological regions.
- To coordinate the network research and to provide training in weed management in agricultural systems.
- To act as a repository of information in weed science and centre for training in weed management.

Organization and management

The Director has the administrative control over the Directorate. Quinquennial Review Team (QRT), Research Advisory Committee (RAC), Institute Management Committee (IMC) and Institute Research Committee (IRC) are advisory bodies for research, teaching/training and extension activities. There are 5 major research sections, 4 administrative sections, and 9 other units and cells for smooth functioning and effective co-ordination.

Laboratories and equipments

ICAR-DWR, Jabalpur has dedicated laboratories for research work on soil science, agronomy, plant physiology, plant biotechnology, residue analysis, entomology, microbiology and pathology. Apart from these, there is one central laboratory having all common equipments like ice maker machine, leaf area meter, root scanner, pH meter, conductivity meter, BOD incubator, *etc.* The laboratories are well-furnished and equipped with modern and sophisticated scientific instruments like LC-MS/MS, GC, HPLC, IRGA, lyophilizer, atomic absorption spectrometer, agricultural drone with spraying and spreader attachment, plant growth chamber, UV-visible double beam spectro-photometer, line quantum sensors with data logger spectroradiometer, N-auto-analyzer, osmometer, thermal cycler, solid phase extraction unit, gel documentation unit, vacuum evaporator, high-speed refrigerated centrifuge, flame photometer, etc.

फोटोमीटर आदि। नमूना भंडारण के लिये तरल नाईट्रोजन पात्र, अल्ट्राफ्रीजर (-80°C) और ड्रीप फ्रीजर (-20°C) जैसी सुविधाये हैं। निदेशालय में कंटेनमेंट सुविधा हैं जिनमें नियंत्रित पर्यावरणमें शोध किया जा सकता है। निदेशालय के पास भविष्य में होने वाले जलवायु परिवर्तन का फसल–खरपतवार अंतरक्रिया पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करने के लिए फ्री एयर CO_2 एनरिचमेंट की सुविधा एवं नौ ओपेन टॉप चेम्बर्स के अलावा फायटोरेमेडियेशन ईकाई और मैक्सिकन बीटल पालन ईकाई जैसी विशेष सुविधायें भी उपलब्ध हैं। निदेशालय में निराई उपकरणों एवं औजारों की मरम्मत, निर्माण, डिजाइन और विकसित करने के लिये पूर्ण विकसित कृषि अभियांत्रिकी कार्यशाला है।

Sample storage facilities include liquid nitrogen containers, ultra-freezer (-80°C) and deep freezers (-20°C). It has a containment facility to facilitate research under controlled environmental conditions. Directorate has specialized facilities like Free Air CO_2 Enrichment (FACE) facility and nine open top chambers to study possible impact of futuristic climate change on crop-weed interaction, a phytoremediation unit and Mexican beetles rearing unit. Directorate also has a well-developed agricultural engineering workshop with facilities for repair, fabrication, designing and development of weeding control tools and implements.



AAS with Hydrate generator



Agricultural Drone



Plant Growth Chamber



Weed Seed Bank



Open Top Chambers (OTC) for climate change studies

कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई पुस्तकालय एवं सूचना केन्द्र

कृषि ज्ञान प्रबंधन इकाई में कम्प्यूटर्स, लोकल एरिया नेटवर्क सुविधा, वीडियो कान्फ्रेंसिंग, कलर फोटो कॉपियर/जिरोक्स कम प्रिन्टर एवं प्लॉटर आदि सुविधायें है। सभी वैज्ञानिकों और समन्वय इकाइयों को इंटरनेट एवं वाई–फाई कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। पुस्तकालय में खरपतवार विज्ञान से संबंधित 3415 किताबों का संग्रह है तथा 09 मैगजीन्स और 13 भारतीय शोध पत्रिकायें पुस्तकालय में मंगवाई जाती है, साथ ही

Agriculture Knowledge Management Unit, Library and Information Centre

AKMU (Agriculture Knowledge Management Unit) is well equipped with computers, video conferencing facility, LAN facilities, color xerox-cum-printer and plotter. All the scientists and co-ordination units have been provided with internet connection and Wi-Fi connectivity. Library has a total collection of 3415 books related to weed science, 13 Indian journals and 09 magazines in its subscription,

इसमें समाचारपत्र अनुभाग है एवं कर्मचारियों और छात्रों को पढ़ने के लिये पर्याप्त स्थान है। दस्तावेज एवं रिपोर्ट तैयार करने के लिये प्रतिलिपिकरण और प्रलेखन सुविधा बनाई गई है। खरपतवार विज्ञान एवं प्रबंधन तकनीकों संबंधी नवीनतम् जानकारी के प्रदर्शन हेतु एक सूचना केन्द्र विकसित किया गया है। निदेशालय के प्रकाशनों, निराई उपकरणों के नमूनों और खरपतवार बीजों के जीवंत नमूनों के प्रदर्शन के लिये परिष्कृत प्रदर्शन प्रणाली भी है।

newspapers section and sufficient reading area for students and employees. Reprographic and documentation facilities have been created for the preparation of documents and reports. One information centre has been developed to display the updated information regarding weed science and management technologies. Directorate's publications, prototypes of weeding tools and live specimens of weed seeds are also on display for visitors.



Museum-cum-Information Centre



Library

2024–25 के दौरान बजट (रू लाख में)

Budget during 2024-25 (₹ in lakh)

वितरण Particulars	सरकारी अनुदान Government Grant			
	ICAR-DWR		AICRP-WM	
	अनुमानित बजट Budget Estimate	31 मार्च, 2025 तक का व्यय Expenditure up to 31 March, 2025	अनुमानित बजट Budget Estimate	31 मार्च, 2025 तक का व्यय Expenditure up to 31 March, 2025
(अ) ग्रान्टइन–एड केपिटल (A) Grant in-add Capital	175.56	175.56	0.10	0.10
(ब) ग्रान्टइन–एड सेलरी (B) Grant in-add Salary	1071.77	1071.77	718.91	718.91
(स) ग्रान्टइन–एड जनरल (C) Grant in-add General	424.11	424.11	124.85	124.85
योग (अ+ब+स) Total (A+B+C)	**1671.44**	**1671.44**	**843.86**	**843.86**

संसाधन विकास (रू लाख में)

Resource generation (₹ in lakh)

वितरण Particulars	राशि Amount
अनुबंध खोज Contract research	-
परामर्श सेवा Consultancy services	-
31 मार्च 2025 तक कृषि उत्पाद की बिक्री Sale of farm produce till 31st March 2025	51.95
अन्य (नीलामी, विश्रामगृह, परिवहन का उपयोग, निविदा पत्र, सूचना का अधिकार, ब्याज लाइसेंस शुल्क, जल प्रभार, शोध शुल्क आदि) Others (auction, guest house, use of transport, tender paper, RTI, interests, license fee, water charges, dissertation fees, etc.)	21.53
योग Total	**73.48**

स्टाफ की स्थिति (31.12.2024 तक) Staff position (as on 31.12.2024)

वितरण Particulars	स्वीकृत Sanctioned	भरें हुए Filled	रिक्त Vacant
अनुसंधान प्रबंधन की स्थिति Research management position	01	01	00
वैज्ञानिक स्टाफ Scientific staff	27	18	09
तकनीकी स्टाफ Technical staff	23	14	09
प्रशासनिक स्टाफ Administrative staff	14	07	07
सहायक स्टाफ Supporting staff	21	15	06

विषयवार वैज्ञानिकों की स्थिति (रिवाइज्ड कैडर दिनांक 02.07.2020 के अनुसार)
Discipline-wise position of scientists (As per revised cadre strength dated 02.07.2020) on 31.12.2024

विषय Disciplines	स्वीकृत Sanctioned			स्थिति में In Position			रिक्त Vacant		
	PS	SS	S	PS	SS	S	PS	SS	S
कृषि जैवप्रोद्योगिकी Agricultural Biotechnology	-	01	-	-	01*	-	-	-	-
कृषि रसायन Agricultural Chemicals	01	-	01	-	-	01	01	-	-
कृषि अर्थशास्त्र Agricultural Economics	-	-	01	-	-	01	-	-	-
कृषिकीट विज्ञान Agricultural Entomology	-	-	02	-	-	02	-	-	-
कृषि विस्तार Agricultural Extension	-	01	01	-	01	-	-	-	01
कृषि सूक्ष्म विज्ञान Agricultural Microbiology	-	-	01	-	-	01	-	-	-
कृषि सांख्यकी Agricultural Statistics	-	-	01	-	-	01	-	-	-
सस्य विज्ञान Agronomy	02	01	03	01	01	02	02	-	01
आर्थिक वनस्पतिविज्ञान और पादप अनुवांशिकी संसाधन Economic Botany & Plant Genetic Resources	-	-	02	-	-	01	-	-	01
क्षेत्र यांत्रिकी एवं शक्ति Farm Machinery and Power	-	-	02	-	-	02	-	-	-
पादप रोग विज्ञान Plant Pathology	-	01	01	-	-	-	-	01	01
पादप कार्यिकी Plant Physiology	-	01	01	-	-	01	-	01	-
मृदा विज्ञान Soil Science	-	01	01	-	01	01	-	-	-
कंप्यूटर अनुप्रयोग और आई टी Computer Application & IT	-	-	01	-	-	-	-	-	01
योग Total	**03**	**06**	**18**	**01**	**04**	**13**	**02**	**02**	**05**

* Scientist in posted against the position of senior scientist, PS - Principal Scientist, SS - Senior Scientist, S - Scientist

ORGANOGRAM


ICAR - Directorate of Weed Research
Research Advisory Committee
DIRECTOR
Quinquennial Review Team
Institute Research Committee
Institute Management Committee
Research Programme
AICRP-WM Centres
Administration
Management
Strategic research for sustainable weed management in diversified cropping systems
Crop-weed interaction under changing climate and herbicide resistance
Weed risk assessment, utilization and management of alien invasive weeds
Environmental impact of herbicides, toxic chemicals and mitigation measures
Dissemination and socio-economic impact of weed management technologies
PAU, Ludhiana
CCSHAU, Hisar
AAU, Anand
CSKHPKV, Palampur
GBPUAT, Pantnagar
IGKV, Raipur
AAU, Jorhat
RVSKVV, Gwalior
OUAT, Bhubaneshwar
UAS, Bengaluru
KAU, Thrissur
TNAU, Coimbatore
PJTSAU, Hyderabad
PDKV, Akola
BCKV, Kalyani
MPUAT, Udaipur
SKUAST, Jammu
Audit and Accounts
Establishment
Cash and Bill
Store and Purchase
PME and ITMU Cell
AKM Unit
Library and Documentation
Research Farm
Farm Machinery and Workshop
Rajbhasha Cell
Grievance Cell
Women Cell
Security

1 मौसम प्रतिवेदन
Weather Report

जबलपुर की जलवायु मुख्यरूप से उप–उष्णकटिबंधीय वर्ग में वर्गीकृत की जाती है। यहां ग्रीष्म में बहुत गर्म और सर्दियों में बहुत ठण्ड होती है। मार्च से जून माह में यहाँ का अधिकतम तापमान 32.8 से 39.9 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया, जिसमे मई महिने में तापमान सबसे ज्यादा रहा, और न्यूनतम तापमान 7.59 से 12.4 डिग्री सेल्सियस तक दिसम्बर से फरवरी में दर्ज किया गया, जिसमे जनवरी माह में तापमान सबसे ठंडा रहा **(चित्र 1.1)**। वर्ष 2024 में कुल वार्षिक वर्षा 1533.7 मिमी. हुई, जिसमे से अधिकांश वर्षा जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीनों में हुई। हालांकि, इस वर्ष केवल 58 दिन ही वर्षा हुई । अधिकतम बारिश के दिन 17, 13 और 10 क्रमशः जुलाई, अगस्त और सितंबर माह में दर्ज किये गए। मई के महीने में औसत वष्पीकरण की दर सबसे अधिक 7.1 मि.मी. दर्ज की गई **(तालिका 1.1)** ।

जलवायु परिवर्तन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से फसलों की पैदावार को प्रभावित करता है । मुख्य रूप से फसल की अवधि और निशेचन में परिवर्तन के कारण प्रत्यक्ष प्रभाव होते हैं। जबकि, अप्रत्यक्ष प्रभाव काफी हद तक पानी की उपलब्धता, बादल, कीट, बीमारी और खरपतवारों की गतिशीलता में परिवर्तन के कारण होता है। हवा की अधिकतम एवं न्यूनतम गति क्रमशः जून और अगस्त के महिनों के दौरान देखी गई। औसत अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता जुलाई, अगस्त माह में 94 प्रतिशत थी और न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता अप्रैल माह में 31 प्रतिशत रही। मई और अगस्त माह में औसत अधिकतम और न्यूनतम दैनिक धूप क्रमशः 8.9 और 2.2 घंटे दर्ज की गई। यह मौसम संबंधी आकड़े जे.एन.के. वी.वी., जबलपुर के निकटवर्ती मौसम वेधशाला से प्राप्त प्राप्त किये गये हैं।

The climate of Jabalpur is broadly classified as subtropical, characterized by very hot summers and cold winters. The maximum temperature was recorded in March to June ranging from 32.8 to 39.9°C, where May being the hottest and minimum temperature was recorded in December to February ranging from 7.59 to 12.4°C, where January being the coldest month **(Fig. 1.1).** The total annual rainfall in the year 2024 was 1533.7 mm and most of it was received during June, July August and September, however, rain was received only for 58 days this year. The maximum number of rainy days i.e. 17, 13 and 10 were observed in July, August and September, respectively. The monthly average evaporation highest in the month of May (7.1 mm) **(Table 1.1).**

Climate change impacts the crop yields both directly and indirectly. Direct effects are mainly due to change in crop duration and fertilization. Whereas, the indirect effect is largely due to changes in water availability, altered insect, diseases and weed dynamics. The maximum and minimum wind speed was observed during the months of May and June. The mean maximum relative humidity was recorded during July, August (94%), September and October and mean minimum relative humidity observed during April (31%). The mean maximum and minimum daily sunshine of 8.9 and 2.2 hr was recorded in May and August, respectively. Weather data was obtained from adjacent meteorological observatory of JNKVV, Jabalpur.



चित्र 1.1: वर्ष 2024 के दौरान जबलपुर में औसत मासिक अधिकतम और न्यूनतम तापमान तथा कुल मासिक वर्षा तालिका 1.1. वर्ष 2024 के दौरान जबलपुर में मासिक औसत अधिकतम और न्यूनतम आर्द्रता, हवा की गति, धूप, वर्षा, वाष्पीकरण और बरसात के दिनों की संख्या

Fig.1.1: Mean monthly maximum and minimum temperature, and total monthly rainfall at Jabalpur, during 2024

तालिका 1.1: वर्ष 2024 के दौरान जबलपुर में मासिक औसत अधिकतम और न्यूनतम आर्द्रता, हवा की गति, धूप, वर्षा, वाष्पीकरण और बरसात के दिनों की संख्या

Table 1.1 Monthly mean maximum and minimum humidity, wind speed, sunshine, rainfall, evaporation and number of rainy days at Jabalpur during 2024

Month	Relative humidity		Wind speed (km/hr)	Sun shine (hr/day)	Rainfall (mm)	Evaporation (mm)	No. of rainy days
	Maximum	Minimum					
January	86	49	2.6	6.44	1.60	1.74	0
February	83	49	3.1	6.6	24.1	2.5	3
March	74	33	2.8	8.6	13.5	4.1	2
April	65	31	4.0	8.0	16.5	6.2	3
May	61	30	5.2	8.9	3.0	7.1	1
June	71	44	5.7	5.6	200.8	5.7	6
July	91	75	4.5	2.6	433.1	3.0	17
August	94	77	3.8	2.2	438.4	2.8	13
September	92	71	4.2	4.0	321.4	2.3	10
October	89	56	2.2	7.1	14.4	2.6	1
November	87	41	1.4	6.6	0.0	2.3	0
December	86	46	2.2	5.8	66.9	1.8	2
Total					**1533.70**		**58**

विशिष्ट सारांश
Executive Summary

2024 के दौरान निदेशालय की मुख्य उपलब्धियाँ नीचे संक्षेप में दी गई है:

- रागी–मसूर–मूंग प्रणाली में रागी समतुल्य उपज दो निराई (20 और 40 दिन पर) के तहत सबसे अधिक (4.25 टन/हे) थी, उसके बाद कतारों में कम अंतराल (20 सेमी) के साथ 20 दिन पर 1 निराई के तहत 3.91 टन/हेक्टेयर थी। इन उपचारों के तहत आय–व्यय अनुपात क्रमशः 2.54 और 2.41 था।
- रागी–चना–मूंग प्रणाली में सबसे अधिक रागी समतुल्य उपज (9.19 टन/हे) दो निराई में पाई गई जिसका आय–व्यय अनुपात (2.62) में भी अन्य से अधिक था। पैराक्वाट द्वारा स्टेल सीड बेड तथा शाकनाशी, शून्य जुताई तथा शाकनाशी, एवं शाकनाशी उपचार (उद्भव पूर्व तथा पश्चात) में भी आय–व्यय अनुपात अन्य उपचारों से अधिक पाया गया।
- धान (शुष्क डीएसआर)–गेहूं (शून्य जुताई) फसल प्रणाली के अंतर्गत दूसरे और तीसरे वर्ष में शून्य जुताई वाले गेहूं की उपज में धीरे–धीरे कमी आई है, जिसका मुख्य कारण खरपतवार, पर्यावरणीय स्थिति और चूहों तथा अन्य कीटों का प्रकोप है।
- दो वर्षों के परिणामों के आधार पर, सदाबहार, अभिषेक, पूरना और आई आर 64 डीआरटी 1 (*IR 64 Drt 1*) किस्में उपराऊ भूमि स्थितियों के तहत कम खरपतवार प्रकोप में सीधे बोई गई धान (शुष्क डीएसआर) के लिए उपयुक्त पाई गई हैं।
- सीधे बोई गई धान (शुष्क डीएसआर) में बुवाई के 20–22 दिन बाद फ्लोरपायरॉक्सिफेन–बेंज़ाइल + सायहैलोफॉप–ब्यूटाइल (150 ग्राम/हेक्टेयर) का अनुप्रयोग, और पेंडीमेथालिन + पाइराजोसल्फ्यूरॉन इथाइल (तैयार मिश्रण 920 ग्राम/हेक्टेयर) का उद्भव–पूर्व अनुप्रयोग के बाद फ्लोरपायरॉक्सिफेन–बेंज़ाइल + सायहैलोफॉप –ब्यूटाइल (10.64% w/w EC 150 ग्राम/हेक्टेयर) का उद्भव–पश्चात (बुवाई के 25–30 दिन बाद) अनुप्रयोग समान रूप से प्रभावी थे, इनके उपचार से उपज और खरपतवार नियंत्रण दक्षता में कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं था। यह प्रभाव पूरना, आई आर 64 डी आर टी 1 (*IR-64 Drt-1*), स्वर्ण श्रेया और अभिषेक किस्मों में देखा गया।
- धान आधारित फसल प्रणाली में मक्का के साथ विविधीकरण से प्रबंधन प्रक्रियाओं में बदलाव होता है, जिससे खरपतवार की गंभीरता कम होती है, प्रणाली की उत्पादकता (18.16 टन/हेक्टेयर), प्रणाली की शुद्ध आय, प्रणाली लाभ–लागत अनुपात (5.31), और कुल जल उत्पादकता (8.9 किग्रा/हेक्टेयर/मिमी) में वृद्धि होती है।
- गेहूं में क्लोडिनाफॉप + मेटसल्फ्यूरॉन (60 + 4 ग्राम सक्रिय तत्व/हेक्टेयर), मूंग में प्रोपाक्विज़ाफॉप + इमेज़ेथापायर (125 ग्राम सक्रिय तत्व/हेक्टेयर), और

The salient achievements of the Directorate during 2024 are summarizer below:

- In finger millet-lentil-greengram cropping system, the finger millet equivalent yield was highest (4.25 t/ha) under two HW (20 & 40 DAS) followed by 3.91 t/ha under reduced spacing (20 cm) *fb* 1HW 20 DAS. The B:C was 2.54 and 2.41 under these treatments, respectively.
- In finger millet-chickpea-greengram cropping system, the finger millet equivalent yield of 9.19 t/ha and B:C were obtained under 2 HW. Higher B:C was obtained under Stale seedbed (Paraquat 500 g/ha) fb herbicide POST, Zero Tillage + Residue retention fb herbicide POST and Herbicide PE fb herbicide POST treatments than others.
- There has been gradual reduction of the grain yield of zero tilled wheat in 2nd and 3rd year under rice (dry DSR)-wheat (ZT) cropping system, which was mainly due to weeds, environmental condition and infestation of rodents and other insects.
- In the context of evaluation of weed competitive rice germplasms under different weed pressures in dry direct-seeded rice, the results, based on two-year data, revealed that the varieties *Sadabahar, Abhishek, Purna* and *IR 64 Drt 1* have been found promising in low weed pressure of dry DSR under upland condition.
- Post-emergence application of florpyrauxifen-benzyl + cyhalofop-butyl 150 g/ha (20-22 DAS) was equally effective and did not record significant difference with the treatment pendimethalin + pyrazosulfuron ethyl (Ready-mix) 920 g/ha as pre-emergence *fb* florpyrauxifen-benzyl + cyhalofop-butyl 10.64% w/w EC 150 g/ha as post-emergence (25-30 DAS) in terms of weed control efficiency and grain yield in case of the variety *Purna, IR-64 Drt-1, Swarna Shreya* and *Abhishek* under dry DSR.
- Diversification in rice-based cropping system with maize modified the management practices resulting in lower weed severity, enhanced system productivity (REY, 18.16 t/ha), system net returns, system B: C (5.31), and total water productivity (8.9 kg/ha/mm).
- In wheat, clodinafop+metsulfuron 60+4 g/ha, in greengram, propaquizafop + imazethapyr 125 g/ha and in rice cyhalofop + penoxsulam

धान में सायहैलोफॉप + पेनॉक्ससुलम (135 ग्राम सक्रिय तत्व/हेक्टेयर) के साथ 4 मि. ली./लीटर नैनो–यूरिया का उपयोग एकल शाकनाशियों की तुलना में अधिक प्रभावी पाया गया।

- बुयाहे के 12 दिन पश्चात आइसॉक्साफ्लूटोल 225 ग्राम/ली एससी + थियेनकार्बाज़ोन – मेथाइल 90 ग्राम/ली एससी 90 + 36 ग्राम सक्रिय तत्व/हेक्टेयर का उपयोग करने पर मक्का में *रोटबोलिया कोचिनचिनेन्सिस* सहित अन्य घासों और चौड़ी पत्ती वाली खरपतवारों के प्रबंधन में प्रभावी पाया गया।
- मध्य प्रदेश के कुल 13 जिलों से एकत्र किए गए जंगली धान के 63 विविध बायोटाइपों में उनके बीज गुणों और संक्रमण घनत्व में व्यापक भिन्नता देखी गई। गंभीर प्रकोप वाले क्षेत्रों में 30 से 60% तक उपज में हानि का अनुमान पाया गया।
- मृदा सौर्यीकरण के बाद इमाजेथापायर प्रतिरोधी धान पर इमाजेथाप्यर के उपयोग से पूर्ण खरपतवार नियंत्रण (जंगली धान सहित) प्राप्त हुआ और धान की अधिकतम उपज दर्ज की गई।
- चिपचिपी मिट्टी और सीधे बोई गई धान (शुष्क डीएसआर) के लिए उपयुक्त एक पावर संचालित रोटरी वीडर विकसित किया गया। विकसित वीडर नई निराई प्रणाली का उपयोग करके एक साथ दो अंतर–पंक्ति रिक्त स्थानों में निराई करता है।
- बैटरी से चलने वाली हस्तचालित वीडर विकसित किया गया है जो छोटे किचन गार्डन में अंतर–पंक्ति निराई के लिए उपयुक्त है। विकसित वीडर कम लागत वाली है (लगभग रु. 3000 प्रति इकाई)।
- सूखे के तनाव के तहत धान की फसल में *लेप्टोक्लोआ चायनेंसिस* पर साइहेलोफॉप–ब्यूटाइल (80 ग्राम एआई/हेक्टेयर) और नागरमोथा पर एथोक्सीसल्फ्यूरॉन (18 ग्राम एआई/हेक्टेयर) की प्रभावकारिता 3–4 दिनों तक विलंबित हो गई, जिससे खरपतवार नियंत्रण कम हो गया।
- प्राकृतिक खेती के तहत सीधे बोए गए धान में खरपतवारों के प्रबंधन के लिए फसल कतारों में कम अंतराल + हाथ से निराई, स्टेल सीड बेड + हाथ से निराई, और 30 दिनों तक सेसबानिया लाइव मल्च उगाने के बाद उस बायोमास को अंतर–पंक्ति रिक्त स्थान पर फैलाना जैसे उपचारों प्रभावी था।
- रासायनिक खेती की तुलना में, प्राकृतिक खेती में सीधे बोए गए धान की उपज में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। लेकिन चना और मूंग की पैदावार के मामले में प्राकृतिक और रासायनिक खेती में कोई अंतर नहीं था।
- प्रमुख फसल प्रजातियों में ग्लूटामाइन सिंथेज 1 जीन का तुलनात्मक जीनोमिक विश्लेषण किया गया, जिससे मोनोकॉट्स में कोडिंग क्षेत्र की उच्च संरचनात्मक समानता तथा प्रजाति–विशिष्ट नियामक विविधताओं का पता चला।
- क्रांति धान किस्म से उच्च गुणवत्ता वाला जीनोमिक डीएनए पृथक किया गया, ग्लूटामाइन सिंथेज 1 जीन के लिए विशिष्ट प्राइमर डिजाइन किए गए तथा उसका

135 g/ha coupled with 4 ml/L nano-urea were found effective over sole herbicides.

- Use of isoxaflutole 225 g/L SC + thiencarbazone-methyl 90 g/L SC 90+36 g/ha at 12 DAS was found to be effective in management of *Rottboellia cochinchinensis* along with other grasses and broadleaved weeds in maize.
- A total of 63 diverse weedy rice biotypes were collected from 13 districts, showing wide variation in seed traits and infestation density (2–45 plants/m²). Yield losses due to severe weedy rice infestation were estimated at 30–60%.
- Soil solarization combined with Imazethapyr-tolerant rice and imazethapyr achieved complete weed control, including weedy rice, and recorded the highest rice grain yield.
- A power operated rotary weeder suitable to dry DSR and sticky soil condition has been developed. The developed weeder performed weeding operation simultaneously in two rows at inter-row spaces by using the novel weeding mechanism.
- A low cost battery operated hand held weeder (INR 3000 per unit) suitable for intra-row weeding in small kitchen garden has been developed.
- In rice crop, the efficacy of cyhalofop-butyl (80 g ai/ha) against *L. chinensis* and ethoxysulfuron (18 g ai/ha) against *C. rotundus* delayed by 3–4 days under drought stress compared to well-watered conditions, leading to suboptimal weed control.
- Narrow crop spacing + hand weeding, stale seed bed + hand weeding, and Sesbania live mulch followed by inter-row placement of its biomass was effective in managing weeds in dry DSR under natural farming.
- Compared to chemical farming, significant yield penalty in DSR was recorded under natural farming. But, there was no difference between natural and chemical farming in terms of seed yields of chickpea and greengram.
- Comparative genomic analysis of the OsGS1 gene across major crop species revealed high coding region conservation among monocots and identified species-specific regulatory variations.
- Isolated high-quality genomic DNA from Kranti variety of rice, designed gene-specific primers, and amplified the OsGS1 gene, and established a molecular foundation for gene-editing to develop glufosinate-tolerant rice lines.
- Fungal-mediated management of *Echinochloa*

सफलतापूर्वक प्रवर्धन किया गया, जिससे ग्लूफोसिनेट सहनशील धान पंक्तियों के विकास हेतु जीन–संपादन की आणविक आधारशिला स्थापित हुई है।

- *इकाइनोक्लोआ कोलोना* बीज अंकुरण के कवक–मध्यस्थ प्रबंधन से पता चला कि एसएन–1 और ईसी–5 के पृथक्कों ने सबसे अधिक पादपविषक्तता क्षमता प्रदर्शित की, जिससे अंकुरण दर में क्रमशः 54% और 46% की कमी आई। इसके अतिरिक्त, ईसी–1 और ईसी–3 ने 42% का सार्थक संदमन प्रदर्शित किया। *ईकाइनोक्लोआ कोलोना* अंकुर वृद्धि पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि कवकों के अलग–अलग समूह ईसी–4 और ईसी–1 में रोग की गंभीरता सबसे अधिक (पीडीआई) थी।
- लगभग 427 मिमी की अनुकरणीय वर्षा के तहत टोप्रामेज़ोन की लीचिंग रेतीली दोमट मिट्टी की तुलना में रेतीली चिकनी मिट्टी में अधिक पाया गया।
- रबी 2023 में, क्लोडिनाफ़ॉप, मेट्रिब्यूज़िन, कारफेंट्राज़ोन और पायरॉक्सासुल्फ़ोन के अवशेष मिट्टी और पौधों में स्प्रे के एक घंटे बाद से लेकर फसल कटाई तक पाए गए।
- रिमोट सेंसिंग और पूर्वानुमान मॉडल का उपयोग करके मानचित्रण अध्ययन से अमरावती के गैर–फसल क्षेत्रों में खरीफ मौसम के दौरान गाजरघास और सेलोसिया की प्रचुरता का पता चला।
- खरपतवार जीन बैंक विकसित करने की प्रक्रिया में, 2024–25 के खरीफ और रबी मौसम में 160 खरपतवार जर्मप्लाज्म का पुनरुत्पादन किया गया, जिससे ताजे बीज एकत्रित किए गए, प्रसंस्कृत किए गए और संरक्षित किए गए।
- आक्रामक खरपतवारों जैसे *इकाइनोक्लोआ कोलोना* और साइप्रस रोटंडस के भविष्य के भौगोलिक वितरण का पूर्वानुमान करने के लिए, भविष्य के जलवायु परिदृश्यों के तहत प्रजातियों के विस्तार/संकुचन को दर्शाने वाले पूर्वानुमान मानचित्र आरसीपी 4.5 एवं 8.5 के तहत 2050 और 2070 के लिए मैक्सएंट का उपयोग करके तैयार किए गए थे।
- भारत सरकार से *स्माइक्रोनिक्स लुटुलेन्टस* के आयात की अनुमति प्राप्त करने के पश्चात इस प्रजाति के 64 वयस्क बीटल्स को राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो में आयात किया गया है।
- *जायगोग्राम्मा बाइकोलोराटा* की पालन–पोषण हेतु चना और *पारथेनियम* पर आधारित अर्ध–कृत्रिम आहार को विकसित और मानकीकृत किया गया है।
- *मेगामेलस स्कूटेलारिस* उपयोग करके जलकुम्भी के जैव नियंत्रण हेतु नियामक प्रक्रिया अप्रैल 2024 से शुरू हुई और अक्टूबर में आयात अनुमति प्राप्त हुई; रोड्स विश्वविद्यालय के सहयोग से 2025 में मेगामेलस स्कूटेलारिस के सुरक्षित शिपमेंट सुनिश्चित किया जा रहा है।
- रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर 18 प्रशिक्षण आयोजित किए गए तथा 10,153 किसानों को संस्थान का भ्रमण कराया गया, जिनमें कृषि विभाग की महिलाएं तथा कृषि अधिकारी शामिल थे। भ्रमण के दौरान किसानों तथा कृषि अधिकारियों को निदेशालय के फार्म पर अपनाई गई तथा प्रदर्शित तकनीकों के बारे में

colona seed germination revealed that isolates SN-1 and EC-5 exhibited the highest phytotoxic potential, reducing germination rates by 54% and 46%, respectively. Additionally, EC-1 and EC-3 demonstrated significant inhibition of 42%. Studies on *Echinochloa colona* seedling growth showed that fungal isolates EC-4 and EC-1 had the highest disease severity (PDI).

- Leaching of topramezone was found high in sandy clay soil than in sandy loam soil under approximately 427 mm simulated rain.
- During *rabi* 2023, residues of clodinafop, metribuzin, carfentrazone and pyroxasulfone were detected in the soil and plants from hour after spray to till harvest.
- A mapping study in non-crop areas of Amravati region by using remote sensing and predictive models revealed abundance of *Parthenium* and *Celosia* during *Kharif* season.
- In the process of developing weed gene bank, 160 weed germplasms were regenerated in the 2024-2025 *Kharif* and *Rabi* seasons, with fresh seeds harvested, processed, and stored.
- In order to predict the future geographical distribution of invasive weeds *viz. Echinochloa colona* and *Cyperus rotundus,* prediction maps depicting the expansion/contraction of the species under future climatic scenarios were prepared using MaxEnt under RCP 4.5 and 8.5 for the years 2050 and 2070.
- Permit to import *Smycronyx lutulentus* has been obtained from Govt of India and 64 number of adult bettle of S *lutulentus has* been imported to National Bureau of Agricultural Insect Resources (NBAIR).
- Chickpea and *Parthenium* based Semisynthetic diet has been developed and standardised to rear *Zygogramma bicolorata.*
